## महत्वपूर्ण एवं खास

### हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले से 13810 विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

#### जिले का परीक्षा फल 97.75 प्रतिशत रहा

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। जिसमें रायगढ़ जिले में कक्षा 12वीं में कुल 14 हजार 352 बच्चे दर्ज थे, जिसमें थे 14 हजार 255 परीक्षा में बैठे। जिसमें प्रथम श्रेणी में 13 हजार 573 (94.6 प्रतिशत), द्वितीय श्रेणी में 234 (1.6 प्रतिशत) तथा तृतीय श्रेणी में केवल 03 कुल 13 हजार 810 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। रायगढ़ जिले का परीक्षा फल 97.75 प्रतिशत है।

### रकम लेकर नहीं भेजा माल, पैसा वापस करने में अनाकानी

#### अहमदाबाद के तीर्थ इन्टरप्राइजेस पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायगढ़ ।** आवेदक घनश्याम अग्रवाल जिंदल इंटरप्राइजेस पुराना कार्मेस कालेज रोड रायगढ के द्वारा अनावेदक तीर्थ इंटरप्राइजेज अहमदाबाद विरूद्ध 84,000 रूपये लेकर माल न भेजने एवं पैसा वापस न कर धोखाधड़ी करने संबंधी शिकायत पत्र की जांच पर आवेदक घनश्याम अग्रवाल से विस्तृत पूछताछ करने पर बताये कि तीर्थ इन्टरप्राइजेस अहमदाबाद का नेट में विज्ञापन देखकर उसमें दिए संपर्क मोबाईल नम्बर से बात कर 150 बाक्स ग्लोब प्रति बाक्स 500 रूपये के दर से देने सौदा तय हुआ। तीर्थ इन्टरप्राइजेस अहमदाबाद द्वारा व्हाटसअप से टेक्स इन्वाईस 84,000 रुपए एडवांस मंगाया गया जिस पर इनके द्वारा जिन्दल इन्टरप्राइजेस की ओर से दिनांक 05.03.2021 को चेक कमांक 252168 रूपये 84,000 रुपए का एनईएफटी आईडीबीआई बैंक रायगढ़ के माध्यम से तीर्थ इन्टरप्राइजेस अहमदाबाद के एकाउन्ट पर रकम भेजा गया। इनके बीच दो दिन बाद माल भेजने की बात हुई थी, परन्तु तीर्थ इन्टरप्राइजेज आज कल करते हुये लगभग 4 माह तक माल डिलीवरी नहीं किये। तब इनके द्वारा एडवांस वापस करने को कहा गया तो तीर्थ इन्टरप्राइजेस अहमदाबाद पैसा वापस किया जा रहा है कहकर चेक का फोटो, जमा पर्ची का फोटो तथा वाईस रिकार्डिंग भेज कर पैसा खाते में ट्रांसफर कर दिया जायेगा कहकर टाल मटोल किया जा रहा है। आवेदक के शिकायत पत्र पर अनावेदक तीर्थ इंटरप्राइजेज के मोबाईल नं. 848795×××× के धारक के विरूद्ध अप.क्र. 1045/2021 धारा 420 भादवि का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत, मासूम बालक घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई था मासूम बालक घायल हो गया। मामले की शिकायत धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोदवा धरसींवा निवासी योगेश कुमार वर्मा 23 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 24 जुलाई को शाम 04 बजे ग्राम बोहरहीधाम से प्रार्थी घनश्याम सेन तुलेश सेन के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम कोदवा जा रहा था तभी ग्राम खुडमुडी मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल को ठोकर मार दिया। जिसके चलते बाईक पेड़ से टकरा जाने की वजह से प्रार्थी को चोट लगी तथा घनश्याम सेन 35 वर्ष एवं तुलेश सेन 5 वर्ष को गंभीर चोट लगने पर उन्हें डायल 112 वाहन के माध्यम से अस्पताल ले जा गया गया। जहां डाक्टर से घनश्याम सेन को चेक करने के पश्चात मृत घोषित कर दिया एवं उसके बेटे तुलेश सेन 5 वर्ष को मेकाहारा रिफर कर दिया।

# खोखरोआमा में दो साल पहले हुई हत्या की गुत्थी सुलझी

## मृतक की पत्नी व साला निकले कातिल, पुलिस तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** घरघोड़ा पुलिस दो साल पहले ग्राम नाकटाड बकचबा निवासी सुंरद मांझी (33 साल)की हुई हत्या की गुत्थी सुलझा ली है, मृतक का शव थाना घरघोड़ा अन्तर्गत ग्राम खोखरोआमा के तालाब में दिनांक 27/08/2019 को मिला था। हत्या में शामिल मृतक की पत्नी, मृतक के दो साला को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार थाना घरघोडा के मर्ग क्रमांक 65/2019 धारा 174 जा.फौ. की सूचनाकर्ता श्रीमती कुंवरमति पति सुंदर साय निवासी नाकटाड बकचबा थाना पुंजीपथरा हा0मु0 खोखरोआमा थाना घरघोडा जिला रायगढ के द्वारा मृतक उसके पति सुंदर मांझी की तालाब में डूब कर फौत होने की सूचना दिनांक 27.08.2019 को मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। मर्ग जांच पर मृतक की मृत्यु डाक्टर द्वारा गला घोंटकर हत्या करना शर्ट पीएम रिपोर्ट देने पर दिनांक 28/082019 को थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 151/2019 धारा 302 ,201 भादवि अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी में लिया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा अनसुलझे मामले की डायरी अवलोकन कर एडिशनल एसपी अभिषेक वर्मा एवं स्ष्ठह्रक्क धर्मजयगढ़ एएसपी सुशील कुमार नायक को महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर सूक्ष्मता से विवेचना कराने के निर्देश दिये गये। जिस पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित सिंह को निर्देशित किया गया थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा मृतक के पत्नि कुंवरमति से पुनः नये सिरे से पूछताछ किया गया , जिसके द्वारा गोल मटोल कर वही बातें दोहराने लगी कि दिनांक 25.08.2019 को मृतक अपने ममेरा साला धनाराम मांझी के साथ शराब पीने भेंगारी तरफ गया था। घरघोड़ा प्रभारी को जानकारी मिली कि मृतक को अंतिम बार नंद कुमार मांझी देखा है। नंद कुमार मांझी से पूछताछ करने पर बताया कि सुंदर मांझी (मृतक) एवं धनाराम को रास्ते में आते एवं लडते झगडते देखा था। नंद कुमार मांझी से मिली जानकारी पर संदेही कुंवरमति मांझी, अघन मांझी एवं धनाराम मांझी साकिन खोखरोआमा को हिरासत में लेकर बारीकी से पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हुआ जिसके अनुसार - घटना दिनांक के पूर्व कुँवरमती मांझी द्वारा अपने भाई अघन मांझी को मो.सा. खरीदने 10,000 रूपये दी थी जिसे दिनांक 24.08.2019 को सुंदर मांझी अपने साला अघन कुमार से पैसा मांग करने पर दोनो के मध्य लडाई झगडा हुआ। सुंदर मांझी (मृतक) को अघन कुमार डण्डा से मारपीट कर मो.सा. को वापस दे दिया कि सुंदर मांझी (मृतक) दूसरे दिन अपने पत्नि को पुराना मो.सा. को नही लुंगा मेरा 10,000 रूपये मांग कर लाओ कहकर पत्नि से लडाई झगडा किया। दिनांक 25.08.2019 को सुंदर मांझी एवं धनाराम दोनों शराब पीने भेंगारी तरफ चले गये वापस शाम करीब 5-6 बजे घर आने पर फिर सुंदर मांझी अपने पत्नि कुंवरमति से 10,000 रूपये अघन मांझी से मांग कर लाओ कहकर विवाद कर लडाई झगडा करने लगा।

पति-पत्नि के बीच लडाई झगडा होते देख धनाराम मांझी, सुंदर मांझी के दोनो पैर को पकडकर जमीन में गिरा दिया तब उसकी पत्नि कुंवरमति मांझी उसका गला दबा दी जिससे सुंरद मांझी फौत हो गया करीब रात्रि 9.00 बजे अघन मांझी घर आने पर कुंवरमति अपने भाई अघन मांझी को अपने घर बुलाकर बताई कि मो.सा. का पैसा मांगकर लाने परेशान कर लडाई झगडा कर रहा था कि धनाराम के साथ योजना बनाकर दोनो मिलकर गला को दबाकर हत्या कर दिये है लाश को छिपाना है कहने पर अघन मांझी एवं धनाराम के साथ मिलकर तीनो लाश का उठाकर रात्रि 11.00 बजे बस्ती के बाहर तालाब में फेक कर उसके पहने कपडा को तालाब मेड में छोडकर आ गये।

आरोपियों के अपराध कबूलनामे के बाद आरोपियों मृतक के पत्नि कुंवरमति मांझी, साला अघन मांझी एवं ममेरा साला धनाराम मांझी को दिनांक 25.07.2021 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया। ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सूलझाने में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह, सउनि चंदन सिंह नेताम, राजेश मिश्रा, आर-नंदू पैंकरा, विरेन्द्र भगत, नरेन्द्र भगत, मआर- सीमा लकडा, बबीता कुजूर का अहम भूमिका रही है।

## 204 नग हीरे की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर के द्वारा जिले के कमान संभालते ही सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिये थे कि विभिन्न तस्करों, अवैध शराब, जुआ/सट्टा के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही करना है। इस अनुक्रम में थाना मैनपुर में हीरा तस्कर के खिलाफ कार्यवाही की गई है। गरियाबंद एसपी पारूल माथुर को मुखबीर से सूचना मिला कि देवभोग क्षेत्र से एक हीरा तस्कर मोटर सायकल से मैनपुर की ओर हीरा बेचने जा रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी मैनपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी हेतु झरियाबाहरा की ओर रवाना किये। टीम द्वारा ग्राम बरदुला में किराना दुकान के पास मोटर सायकल क्रमांक ओ.डी. 08 एल 5877 में एक व्यक्ति आकर खड़ा था और संदिग्ध रूप से इधर-उधर देख रहा था। मैनपुर थाना प्रभारी सत्येन्द्र श्याम को शंका होने पर उस व्यक्ति को पुछताछ हेतु बुलाये, जिस पर वह व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पुछताछ करने पर वह अपना नाम नीलम दास कश्यप ग्राम बुध्दुपारा थाना देवभोग का रहने वाला बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पेंट दाहिने जेब से एक कागज के पुड़िया मे लिपटा हुआ प्लास्टिक डिब्बा में हीरे जैसा कीमती पत्थर रखना पाया गया। गिनती करने पर 204 नग हीरा कीमत लगभग 22 लाख रूपये का होना पाया गया तथा मोटर सायकल सीजी ओ.डी. 08 एल 5877 को अपना होना बताने पर धारा 91 सीआरपीसी के तहत् वैध कागजात प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया कोई भी कागजात नहीं होना बताने पर आरोपी का कृत्य धारा 379 भादवि 4(21) माइनिंग एक्ट का घटित करना पाये जाने पर पर विधिवत् गिरफ्तार कर थाना मैनपुर में अपराध क्रमांक 51/2021 कायम कर विवेचना मे लिया गया है।

## बाइक के पेट्रोल टंकी में शराब भरकर अवैध तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** सीमावर्ती प्रांत से मादक पदार्थों की तस्करी पर लगातार कार्रवाई कर रही जिला पुलिस की जांच से बच निकले तस्कर नई-नई तरकीब प्रयोग कर रहे हैं, पर सफल नहीं हो पा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 25/07/2021 के सुबह थाना प्रभारी बरमकेला नेल्सन कुजूर हमराह स्टाफ के साथ टाऊन पेट्रोलिंग पर थे। इसी दरम्यान मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि ग्राम लोधिया का शेष कुमार बरेठ मोटर सायकल पर शराब लेकर ग्राम झाबड, चांटीपाली की ओर बिक्री करने लेकर गया है। सूचना पर कार्रवाई के लिये थाना प्रभारी व स्टाफ ग्राम चांटीपाली अटल चौक के पास जाकर नाकाबंदी किये, कुछ देर बाद एक व्यक्ति मोटर सायकल टीव्हीएस स्टार क्रमांक सीजी 13-ई-9581 में आया जिसे रोक कर पुछताछ किया गया जो अपना नाम शेष कुमार बरेठ पिता सुकरू बरेठ उम्र 24 वर्ष निवासी लोधिया थाना बरमकेला रहने वाला बताया। शेष कुमार बरेठ को शराब बिक्री के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर उसने मोटर सायकल के पेट्रोल टंकी अंदर शराब भरकर पाईप के जरिए निकाल कर बिक्री करना बताया जिस पर उसके मोटर सायकल की बारीकी से जांच करने पर यह बात सही निकली। आरोपी बाइक के पेट्रोल टंकी के अंदर ही मोटर सायकल चलने के लायक पेट्रोल के लिए छोटा सा जगह टंकी को बेल्डिंग कर बनाया था, शेष जगह में महुआ शराब भरकर रखता था। उसके बाइक से पाइप के जरिए महुआ शराब निकलने पर 12 लीटर महुआ शराब कीमती 2,400 रुपए मिला। आरोपी के अवैध शराब व बाइक जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बरमकेला में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## सिंघल इंटरप्राइजेस की मनमानी... कहीं फॉरेस्ट जमीन पर तो कहीं आदिवासी के निजी जमीन व राष्ट्रीय मार्ग के किनारे बिना एनओसी डाल दिया फ्लाईएश

### » सिंघल इंटरप्राइजेस द्वारा एनजीटी के नियमों की उड़ाई जा रही है धज्जियां



**घरघोड़ा।** सिंघल इंटरप्राइजेज की मनमानी चरम सीमा पर है एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए फैक्ट्री में आसपास के कई ग्राम पंचायतों को फ्लाई ऐश प्रदूषित कर रखा है पिछले दिनों अखबारों के माध्यम से जानकारी दी गई थी कि प्लांट के पीछे की ओर रिजर्व फॉरेस्ट क्षेत्र में फ्लाई एस डंप किए जा रहे हैं तथा फैक्ट्री के पीछे की ओर हजारों टन फ्लाई एस के पहाड़ बना दिए गए वहीं फॉरेस्ट के बीच से गुजरता हुआ पानी का नाला जोकि फ्लाई एस की वजह से पूरी तरह पट चुका है उसके बावजूद अभी तक पर्यावरण तथा वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही की सुगबुगाहट नहीं आ रही है इस वजह से सिंघल इंटरप्राइजेज के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं तथा खुलेआम पर्यावरण एनजीटी के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग के गेरवानी तराई माल पूंजीपथरा तुमीडीह के क्षेत्र में फ्लाई एस हजारों टन की मात्रा में डाल दिए गए जबकि नियमानुसार किसी खुले जगह पर इस तरह एनजीटी के नियमों का उल्लंघन नहीं किया जा सकता साथ ही साथ शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश की जो भी फ्लाई एस प्लांटों से निकलेंगे वह सीधे खनिज खदानों के गड्ढे में डाले जाएंगे परंतु ऐसा नहीं हो रहा है खनिज खदान के गड्ढों के दस्तावेज का उपयोग आसपास के शासकीय गड्ढे रिजर्व फॉरेस्ट की जंगल तथा आदिवासियों व निजी जमीनों पर बिना एनओसी एवं पर्यावरण विभाग की अनुमति के बगैर फ्लाई एस डाल दिए गए हैं गौर फरमाने वाली बात तो यह भी है कि आने वाले 28 जुलाई को सिंघल इंटरप्राइजेज विस्तार की जनसुनवाई होनी है फैक्ट्री के नुमाइंदे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों का समर्थन पाने के एड़ी चोटी लगा रखे हैं परंतु विरोध की लहर ज्यादा है जनप्रतिनिधि नेता भी अब आम जनता के पक्ष में होते जा रहे हैं क्योंकि अगर जनप्रतिनिधि ही फैक्ट्री का समर्थन करेंगे तो ग्रामीण जनता के पास किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे अगर यह हाल अभी है तो जब फैक्ट्री का विस्तार हो जाएगा और उसकी उत्पादन क्षमता बढ़ जाएगी तो सोचिए कि कितने मात्रों में फ्लाई एस फैक्ट्री से निकलेंगे और उन्हें कहां शिफ्ट किया जाएगा यह सोचनीय विषय है आने वाले समय में क्षेत्र के घने जंगल तथा आसपास के ग्राम जबरदस्त पर्यावरण प्रदूषण के चपेट में आने वाले हैं जिस से इनकार नहीं किया जा सकता इसका विरोध क्षेत्र के आम नागरिकों को ही करना होगा हर आम नागरिक को जागरूक होकर लड़ाई लड़नी होगी तब जाकर पूरा क्षेत्र सुरक्षित रह पाएगा अन्यथा बर्बाद होने से कोई नहीं रोक सकता।

## 3 किलो गांजा परिवहन करते दो युवकों को पुलिस ने कंचनपुर बेरियर के पास पकड़ा



**रायगढ़।** दिनांक 25/07/2021 को मुखबिर सूचना पर सरिया पुलिस ग्राम कंचनपुर बेरियर के पास मेन रोड में अपाचे बाइक में ओडिशा से बैग में गांजा ला रहे दो लकड़ो को पकड़ी। पुलिस स्टाफ द्वारा उन्हें कार्रवाई की जानकारी देकर उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें 3 किलो गांजा मिला। पूछताछ में एक युवक अपना नाम चिनमय प्रधान पिता भरत प्रधान उम्र 19 वर्ष साकिन बेलपहाड गर्रा खाई थाना बेलपहाड जिला झारसुगडा बताया उसके साथ गांजा परिवहन कर रहे लड़के की उम्र आधार कार्ड के अनुसार 18 वर्ष से कुछ माह कम है। आरोपी युवक चिनमय प्रधान से 03 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमती 15,000 रूपये एवं एक अपाचे मोटर सायकल क्रमांक ओडी-16 ई 4624 जप्त कर विधि उल्लंघनकारी बालक एवं आरोपी युवक के विरूद्ध 20(बी) एनीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## दिव्यांग बच्चों का किया गया चिकित्सा परीक्षण



**रायगढ़ ।** राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ (समग्र शिक्षा) द्वारा विकास खण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों से आये दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगतावार बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण में रायगढ़ से आये फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. खुशबू साहू एवं स्पीच थैरेपिस्ट कु.प्रतिभा गवेल के द्वारा 16 बच्चों को उनके समस्या के आधार पर आवश्यक सुझाव एवं भौतिक चिकित्सा कर उन्हे दैनिक जीवन में किस प्रकार अभ्यास कर उक्त समस्यों को दूर करने हेतु रिर्सोस रूम में दिव्यांग बच्चों को अभ्यास कराया गया। उनके साथ आये पालकों को भी किस प्रकार अभ्यास से बच्चों को उक्त समस्या से निदान एवं उन्हे सामान्य दैनिक गतिविधि से जुड़ने एवं अपने शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास करने में आवश्यक सुझाव दिए गए

विकास खण्ड स्तरीय कार्यशाला मेंआलोक स्वर्णकार ए.पी.सी. रायगढ़ द्वारा दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सामग्री प्रदान किया गया। कार्यशाला में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारीएस. आर. सिदार, खण्ड समन्वयकएन. पी. बिशी, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारीएस.आर. सारथी, बी.आर.सी. लेखापाल, आर.पी. यादव, समावेशी शिक्षा प्रभारीसत्यप्रकाश पैकरा, जतिन विश्वकर्मा, निलाम्बर राठिया, जगदीश प्रसाद साहू का विशेष सहयोग रहा।

# जिले के सभी नगरीय निकायों में आज चलेगा सघन टीकाकरण अभियान

### » गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को भी लगेंगे कोविड टीके

### » रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 34 केन्द्रों में लगेंगे टीके



**रायगढ़ ।** कोरोना संक्रमण से बचाव एवं संभावित तीसरी लहर को देखते हुये कलेक्टरभीम सिंह के नेतृत्व में जिले में सभी पात्र लोगों को टीकाकृत किए जाने के लक्ष्य के साथ वृहद पैमाने पर टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में आज 26 जुलाई को जिले के सभी नगरीय निकायों में सघन टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। गर्भवती और शिशुवती महिलाएं जो अब तक वैक्सीन नहीं लगवा पायी थी, उनके लिए भी गाईड लाईन्स जारी किए गए है। इन सभी महिलाओं को भी अभियान के तहत आज टीकाकृत किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने गर्भावस्था के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के जोखिम को लेकर भी आगाह किया है कि सामान्य महिलाओं की तुलना में गर्भवती महिलाओं के वायरस से संक्रमित होने का जोखिम ज्यादा होता है। संक्रमण के चलते प्री-मैच्योर बच्चे के जन्म का खतरा भी बढ़ जाता है। कोविड-19 का वैक्सीन सुरक्षित और फायदेमंद है। इस वैक्सीन से मां और होने वाले बच्चे दोनों को स्वास्थ्य की सुरक्षा होगी। गर्भवती माताओं को मॉस्क पहनना, सामाजिक दूरी एवं साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉ.केशरी ने सभी गर्भवती महिलाओं को कोविड-19 का टीकाकरण करवाने हेतु अपील की है।

**रायगढ़ के 34 केन्द्रों में लगेंगे टीके-**

जिले में रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र के साथ ही सभी नगरीय निकाय क्षेत्र में आज सघन टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक तैयारी की गई है। सघन टीकाकरण अभियान हेतु रायगढ़ नगर निगम क्षेत्र में 34 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए है। प्राथमिक शाला राजीव नगर, प्राथमिक शाला धागरडीपा, आंगनबाडी केंद्र जोगीडीपा, आंगनबाड़ी केंद्र देवारपारा, आंगनबाडी केन्द्र कोष्टापारा, आशा द होप पतरापाली, भूपदेव स्कूल केवड़ावाड़ी, सामुदायिक भवन दिनदयाल कॉलोनी वार्ड न. 06, सामुदायिक भवन गोरखा, शा. मुनिस्पल स्कूल रामलीला मैदान, शा. प्राइमरी स्कूल सराईभद्दर, शा. प्राइमरी स्कूल बेलादुला वार्ड न.21, शा. प्राइमरी स्कूल पंजरीप्लांट, शा. प्राइमरी स्कूल राजीव गांधी नगर, शा.प्राथमिक शाला कौहाकुंडा, शा. स्कूल चक्रधर नगर, शा. स्कूल सहदेव पाली, रामभाठा, इंदिरा बालक स्कूल सतीगुड़ी, जतन केंद्र, मांगलिक भवन कबीर चौक, ललित पाठशाला, नेहरू प्राथमिक शाला रेल्वे बं बंगलापारा, प्राइमरी स्कूल भगवानपुर, प्राइमरी स्कूल उर्दना, प्राइमरी स्कूल विजयपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र जवाहरनगर, रविशंकर प्राइमरी स्कूल चांदमारी, सामुदायिक भवन मिट्ठूमुड़ा, संत माइकल स्कूल रामभाठा, सतनाम भवन गाँधी नगर, शालिनी स्कूल बोइरदादर, स्वा. सुविधा केंद्र बजरंगपारा एवं यूपीएचसी इंदिरा नगर शामिल है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480